## एनओसी की सड़कों को न तोड़ा जाये : कलेक्टर

**सिवनी, देशबन्धु ।** कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में 09 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल चनाप, अपर कलेक्टर एवं प्रभारी सीईओ जिला पंचायत सुनीता खंडायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख की उपस्थिति रही। विभिन्न विभागों के खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे।

बैठक में कलेक्टर संस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाइन, समय-सीमा में दर्ज प्रकरण, जनसुनवाई आवेदनों के निराकरण स्थिति, विभिन्न आयोग से प्राप्त पत्रों में लंबित कार्यवाही के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। कलेक्टर सुश्री जैन ने जिलेवार रैंकिंग में डी केटेगिरि में पहुंचे जल संसाधन, उद्यानिकी,लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को अधिकतम शिकायतों को संतुष्टी से बंद कराते हुए रैंकिंग में सुधार के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर ने सड़कों की टूट-फूट की शिकायतों को लेकर पीएचई एवं जलनिगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बिना संबंधित निर्माण विभाग की एनओसी के सड़कों को न तोड़ा जाये तथा कार्योपरांत सड़कों की मरम्मत कार्य तत्काल किया जाये। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की अनुभागवार समीक्षा के दौरान राजस्व अधिकारियों को फॉर्मर रजिस्ट्री, सीमांकन के लंबित प्रकरणों सहित अन्य प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री जैन ने समग्र ई-केवायसी कार्यों की भी समीक्षा सभी सीएमओ और सीईओ जनपदों को मैदानी स्तर पर प्रचार-प्रसार करते हुये लंबित ई-केवायसी तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिये हैं।

### समय-सीमा बैठक

कलेक्टर ने जनजातीय कार्यविभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्धारित मात्रा में नियमानुसार खाद्यान्न का उठाव करते हुए आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं छात्रावासों तथा स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये है। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को स्कूल प्रारंभ होने के पूर्व सभी स्कूल बसों की चैकिंग करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने आबकारी विभाग द्वारा विगत सप्ताह में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए उत्तर एवं लखनादौन क्षेत्र में कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने जिले में जारी विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित की जा रही कृषक संगोष्ठियों के संबंध में जानकारी लेकर सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को कृषक संगोष्ठियों के व्यवस्थित आयोजन के निर्देश दिये है। उन्होंने कृषि विभाग सहित पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी विभाग तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों को अनिवार्य रूप से संगोष्ठियों में उपस्थित रहकर किसानों को उन्नत तकनिकी एवं योजनाओं के बारे में जानकारी देने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने संगोष्ठियों में अग्रणी कृषकों को भी आमंत्रित करते हुये अन्य कृषकों को मार्गदर्शन देने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये हैं।

बैठक में 21 जून विश्व योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में भी कलेक्टर जैन ने जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। कलेक्टर के निर्देशन में नोडल अधिकारी एवं जिला सूचना अधिकारी द्वारा ẓलश्ह कर्मयोगी मोबाईल एप की जानकारी देते हुए उक्त पोर्टल पर पंजीयन तथा उपलब्ध विभिन्न प्रशिक्षण सामग्रियों की जानकारी प्रदान की गई।

## जेएसपीएल नाइट टूर्नामेंट : बॉयस बना पहला चैंपियन

**सिवनी, देशबन्धु।** जेएसपीएल टूर्नामेंट के 13 वे दिन एमसीजी ग्राउंड पर दूधिया रोशनी में फाइनल बॉयस और जैस एक्सआई के मध्य हुआ। बॉयस के कप्तान आसिफ पटेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 144 रन बनाकर 145 रनों को लक्ष्य दिया।

बॉयस की ओर से इमरान ने 19 गेंद पर 41 और भोपाली ने 10 गेंद पर 38 रनों की शानदार पारी खेली। जैस एक्सआई की और से अरुण, सुनील, मन्नी ने 1-1और कृष्णा ने 2विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जैस ẓन्द्य ने 10 ओवर में 5 विकेट के नुकसान मैं सिर्फ 103 रन ही बना पाई और यह फाइनल मैच 40 रन से बॉयस ने जीतकर टूर्नामेंट पर कब्ज़ा किया। जैस की और से सर्वाधिक 16 गेंद पर 43 रन कोमल ने बनाये। बॉयस की और से सानू आरिफ ने 1-1 और महेंद्र बर्मन ने दो विकेट लिया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच भोपाली रहे।



आज के फाइनल मैच की मुख्य अतिथि पवार समाज के अध्यक्ष हरकचंद टेमरे, भारतीय जानता पार्टी के जिला महामंत्री अजय डागोरिया, कोतवाली थाना प्रभारी किशोर बावनकर, लखनवाड़ा थाना प्रभारी सिरामे, डुंडा सिवनी थाना प्रभारी सतीश तिवारी, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडे, कबीर वार्ड के पार्षद संजय भलावी, टूर्नामेंट के अध्यक्ष संजय ठाकुर, गोलू सक्सेना के साथ सदभाव ग्रुप के सभी सदस्य रहे।

टूर्नामेंट की विजेता बॉयस क्लब को 31000 +ट्राफी तथा उपविजेता जैस क्लब 15000 व ट्राफी दी गई। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मन्नी चौरसिया, बेस्ट बल्लेबाज इमरान, बेस्ट बॉलर मन्नी चौरसिया एवं बेस्ट फिल्डर सुनील सिंह रहे।

फेयर प्ले अवार्ड संयुक्त रूप से टीम सनराइजर्स और कुरई वॉरियर्स को दिया गया । निर्णायक की भूमिका में शुभम बघेल व विपिन बघेल रहे।

### सार-समाचार

## पूर्ण तहसील का दर्जा दिलाने की मांग, व्यापारी मंडल ने सौंपा ज्ञापन




**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** जुन्नारदेव विधानसभा अर्न्तगत दमुआ को वर्तमान में उपतहसील का दर्जा प्राप्त है दमुआ के ग्रामीण अंचल एवं व्यापारी बंधुओं द्वारा भोगोलिक दृष्टि एवं प्रशासनिक कार्यों में आ रही कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुयें दमुआ को पूर्ण तहसील एवं विकासखण्ड का दर्जा दिलाये जाने आवेदन पत्र में सभी प्रशासनिक, राजनैतिक, सामाजिक एवं धार्मिक को दिया गया। दमुआ के निकटतम लगभग 55 से 60 ग्राम पंचायत और 90 से अधिक गांव जुड़े हैं जिनके सभी प्रशासनिक कार्य हेतु लगभग 60 से 70 कि.मी. दूरी तक जुन्नारदेव जाना पड़ता है। वही लगातार क्षेत्र की स्थिति व्यापार की दृष्टि से उजड़ रही है नौबत तो यह आ चुकी है कि पलायन क्षेत्र से रुक नहीं रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा भी दमुआ को पूर्ण तहसील बनाने की घोषणा की गई थी एवं पूर्व प्रभारी मंत्री कमल पटेल के द्वारा भी दमुआ को पूर्ण तहसील बनाने की घोषणा की गई हैं। परंतु उसे बात पर अभी तक अमल नहीं हुआ है व्यापारी मंडल द्वारा अपनी मांग पूरा करने के लिए पत्र सौंपा है।

## कोर कमेटी की बैठक आयोजित

**सौसर, देशबन्धु।** पांडुर्णा जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के भोपाल निवास पर पाण्डुर्णा जिला भाजपा के कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक सम्पन्न हुई । इस अनिवार्य बैठक मे पाण्डुर्णा जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड़, पूर्व स्कूल. शिक्षा राज्यमंत्री नानाभाऊ मोहोड़, एड प्रकाश भाऊ उइके, एड वैशाली महाले एवं अन्य कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक मे बारीक़ बारीक़ बातो पर ध्यान देने की बात की गयी एवं कार्यकर्त्ताओ को निरंतर पार्टी गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिये गए । इसके साथ साथ पाण्डुर्णा जिला बनने के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष एवं भाजपा पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है चुंकि पाण्डुर्णा जिले में सौसर एवं पाण्डुर्णा दो तहसील है और दोनों तहसील मे कांग्रेस के विधायक होने के साथ कांग्रेस का गड़ माना जाता है इसीलिए छोटी छोटी बातो पर ध्यान देकर आने वाले वर्षो मे कांग्रेस का सूपड़ा साफ होने के लिए बैठकों का दौर जारी है। भाजपा के कार्यकर्त्ता का कहना है की भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड़ ने संघठन की जिम्मेदारी बड़ी शालीनता एवं सहजता के साथ निभा रहे है।

## मलेरिया निरोधी दिवस पर जागरुकता अभियान

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस 9 जून 2025 को . मलेरिया निरोधक माह जून 2025 में. वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत. नरसिंहपुर रेलवे हॉस्पिटल. रेलवे कॉलोनी. एवं रेलवे स्टेशन पर तथा घर-घर जाकर पंपलेट के माध्यम से भी रेल चिकित्सक डॉ आर आर कुर्रे ने. जागरूकता अभियान किया जा रहा है. तथा. आर पी एफ़ ऑफिस.रेलवे कालोनी मे घर एवं. केंटीन मे कूलर का पानी सघन चेकिंग किया जा रहा है. जिसमें कुछ जगह पर. लार्वा पाया गया. जिससे तत्काल नष्ट कराया गया. मलेरिया एनाफिलीज मादा मच्छर के काटने से होता है ।




मलेरिया उन्मूलन के कार्यक्रमों में नई ऊर्जा और उत्साह लाने में जोर देता है. जिससे मलेरिया को खत्म करने के लिए लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके.. मलेरिया प्लाज्मोडियम फैलसि फेरम. यदि सही समय पर इलाज न करने पर जानलेवा भी हो सकती है. मलेरिया से बचाव के लिए हमें. साफ सफाई बना रखें घर में कूड़ा कचरा इकट्ठा न होने दें. कूलर के पानी हर सप्ताह चेंज करें. बाल्टी गमला पॉलिथीन टायर आदि में पानी जमा न होने दें.. बच्चों को विशेष ध्यान दें. मलेरिया के लक्षण इस प्रकार हैं. बुखार होना पसीना देकर के बुखार उतरना. सर एवं हाथ पैर में दर्द बने रहना. उल्टी लगना बेचैनी होना. मसल्स एवं जोड़ों में दर्द होना कमजोरी एवं थकान लगना जी मचलना उल्टी के साथ कमजोरी आना पेट में हल्का सा मरोड़ और दर्द बने रहना.. मलेरिया के जांच और इलाज सभी सरकारी अस्पताल में. मुफ्त में होती है ।

खून की जांच के द्वारा हम इसे तत्काल पहचान सकते हैं. अत: हमें. किसी व्यक्ति को यदि यह लक्षण होता है तत्काल जांच करायें। कम्पलीट बेड रेस्ट करें। हल्का संतुलित भोजन लें। डॉक्टर के बताएं अनुसार दवा का इस्तेमाल करें।

सभी सरकारी अस्पतालों में. जांच एवं इलाज मुक्त होता है। अत: साफ सफाई बनाएं रखकर मलेरिया उन्मूलन में सहयोग जरुर करें। जिससे मलेरिया को सौ प्रतिशत. कण्ट्रोल करके. भारत मलेरिया मुक्त देश घोषित किया जा सके।

## छपारा में कबीर आश्रम का उद्घाटन

**छपारा, देशबन्धु।** नगर छपारा में आयोजित त्रिदिवसीय सत्संग के प्रथम सत्र में कार्यक्रम के सभापति कबीर दर्शनाचार्य आचार्य रामजीवन शास्त्री साहेब आचार्य पीठ कबीरधाम सागर के पावन सानिध्य में एवं विधायक केवलारी ठाकुर रजनीश सिंह के मुख्य आतिथ्य तथा नारायण प्रसाद कबीरपंथी पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन के विशिष्ट आदित्य में सर्वप्रथम धर्मध्वज की स्थापना की गई। इसके पश्चात नवनिर्मित सदगुरु कबीर आश्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया गया।

सदगुरु कबीर साहेब के स्वरूप में माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उपस्थित अतिथियों द्वारा पूज्य आचार्य श्री को माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया इसके पश्चात कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का भी सदगुरु कबीर समाज उत्थान समिति छपारा द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के सभापति आचार्य पीठ सागर से पधारे परम पूज्य गुरुदेव साहेब जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बड़े ही परिश्रम और कठिनाई से यह मानव तन प्राप्त होता है, जिसे शास्त्रों में दुर्लभ बताया गया है। वही मनुष्य तन वर्तमान में हम सभी को प्राप्त हुआ है लेकिन इसे जानने और समझने के लिए जब तक हम सत्संग रूपी दरिया में गोता नहीं लगाएंगे। संस्कारों का जागरण नहीं करेंगे तब तक हम समर्पित भाव से सद्गुरु की भक्ति नहीं कर सकते। सत्संग एक प्रयोगशाला है जहां मानव में मानवता को तराशा जाता है। सत्संग में ही हमें बोध होता है कि मैं कौन हूं? कहां से आया हूं? मुझे कहां जाना है? मेरा अंतिम ठिकाना कहां है? इत्यादि गूढ़ विषयों का समाधान सत्संग से ही होता है।




इस पावन अवसर पर केवलारी विधायक रजनीश हरवंश का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद नीता पटेरिया, रमेश कुमार जैन, नगर परिषद छपारा की अध्यक्ष निशा सुरेश पटेल, शिवाकांत सिंह ठाकुर सदम सिंह बरकड़े , प्रभात सिंह ठाकुर, जयकेश सिंह ठाकुर ठाकुर जयदीप सिंह ठाकुर अर्जुन सिंह, भगत सिंह, सोनल चंदू श्रीवात्री सूरज लाल बंजारा, गुलाब साहू, आरिफ मोहम्मद खान, शिव कुमार, शिवहरे की गरिमामई उपस्थिति रही।

## नजरबंद और गिरफ्तार किसानों को तत्काल रिहा करो : माकपा

**गोटेगांव, देशबन्धु।** समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की मांग करने की जरूरत क्यों पड़ रही है किसानों को, जब समर्थन मूल्य घोषित कर रहे हो प्रति वर्ष खरीदी होती भी है, केन्द्रीय कृषि मंत्री जी ने पूर्व में कहा भी कि मूंग खरीदी जाएगी, और उत्पादन करो।

स्वतंत्र किसान प्रतीक शर्मा, मोना कौरव सहित किसानों जायज हक की मांग उठाने वाले अनेक किसानों को गिरफ्तार और नजरबंद किया गया है इसकी मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी निंदा करती है, तत्काल सभी को रिहा किया जाए, और आज अभी इस समय मुख्यमंत्री जी को मूंग खरीदी की घोषणा करना चाहिए, अन्यथा आगे आंदोलन जोर पकड़ेगा ।

विशेष परिस्थिति वस मै मौजूद नहीं हूं मैं भी मूंग खरीदी की मांग के लिए गिरफ्तारी देता।। हमारी अपील है सरकार दमन का रास्ता छोड़े किसानों का शोषण बंद करे।उक्त प्रेस विज्ञप्ति जगदीश पटेल सचिव मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी नरसिंहपुर द्वारा दी गई है।

## गले मिलकर दी मुबारकबाद

**छपारा, देशबन्धु।** त्याग और बलिदान का प्रतीक ईद उल अज़हा का पर्व बड़े धूमधाम से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ 07 जून को सुबह 09 बजे ईदगाह में ओर 9-15 बजे बड़ी जामा मस्जिद में ईद उल अज़हा की नमाज अदा की गई ईदगाह में हाफिज ताहिर हसैन और बड़ी जामा मस्जिद में हाफिज जाकिर रामपुरी साहब ने ईद उल अज़हा की नमाज पढ़ाई नमाज के बाद देश में अमनो अमन की दुआ की गई ।

इस अवसर पर हाफिज जाकिर रामपुरी ने ईद उल अज़हा की नमाज अदा करने पहुंचे तमाम लोगों को ईद की मुबारकबाद दिया उन्होंने कहा कि देश में अमन और शांति के लिए हमे हमारी हुकूमत के कानून का पालन करना चाहिए जिस तरह से हम अपने इस्लाम के कानून का पालन करते हैं उसी तरह से अपने देश की हुकूमत के संविधान का पालन करना चाहिए।

तत्पश्चात सभी ने एक दूसरे से गले लगा कर ईद-उल अजहा की मुबारकबाद पेश की । 07 जून को छपारा की ईदगाह और बड़ी जामा



मस्जिद और ईदगाह में बड़ी तादाद में लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कर ईद उल अज़हा के मुबारक मौके पर एक दूसरे के गले मिलकर बधाई और मुबारकबाद दिया ।

### दैनिक राशिफल

**मंगलवार 10 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। जेष्ठ शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी, नक्षत्र- अनुराधा**

मेष - आज आप सांसारिक विषयों को छोड़कर आध्यात्मिकता में ज्यादा रुचि लेंगे। ध्यान और मनन से आपके मन को शांति मिलेगी। आध्यात्मिक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए समय बहुत अच्छा है।

वृषभ - आज आपके जीवन साथी के साथ संबंध अधिक प्रगाढ़ होंगे। उनके साथ रोमांस के पल गुजारेंगे। पारिवारिक या सामाजिक प्रसंगों में जाना होगा। प्रवास की संभावना है। आप मौज-मस्ती में समय व्यतीत कर सकेंगे।

मिथुन - आज आपके अधूरे काम पूरे होंगे। घर में शांति और आनंद का वातावरण आपके मन को प्रसन्न रखेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। आर्थिक लाभ होगा। ऑफिस में वाद-विवाद या मनमुटाव के मौके आ सकते हैं। ( 579-335 )

कर्क - आज का दिन शारीरिक अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंतित रहेगा। पेट-दर्द से परेशानी हो सकती है। आकस्मिक धन खर्च होने की संभावना है। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद होने से विवाद होने की संभावना है।

सिंह - आज आपके परिवार में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। परिजनों के साथ मनमुटाव होगा। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। नकारात्मकता आपके मन को दुखी करेगी और आपको बेचैनी का अनुभव होगा।

कन्या - आपकी शारीरिक, मानसिक स्वस्थता अच्छी रहेगी। आप भावनाओं के प्रवाह में बह जाएंगे। आप भाई-बहन के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। उनसे लाभ भी हो सकता है। आपके विरोधी आपके समक्ष नहीं टिकेंगे।

तुला - आज आपका मन नकारात्मक विचारों से घिरा रहेगा। क्रोध के कारण आपकी वाणी में कटुता आ सकती है। इस कारण परिजनों के साथ मतभेद होगा। गलत खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

वृश्चिक - आज आप परिजनों के साथ मौजमस्ती में दिन व्यतीत करेंगे। आप शारीरिक और मानसिक रूप से आनंदित रहेंगे। प्रियजनों के साथ मिलकर आपको आनंद का अनुभव होगा। कोई अच्छा समाचार मिलने की संभावना है।

धनु - आज क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों तथा अन्य लोगों के साथ संबंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

मकर - आपके घर में किसी शुभ प्रसंग की संभावना है। किसी वस्तु की खरीदारी के लिए आज का दिन अनुकूल है। आज शेयर- सट्टे में भी लाभ होने की संभावना है। आप मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद, अनुभव करेंगे।

कुंभ - आज आपके उच्च अधिकारी और बुजुर्ग आप पर खुश रहेंगे। सभी काम में सफलता मिलेगी। नौकरी- व्यवसाय में आपकी स्थिति अच्छी रहेगी। आपका मन हल्का बनेगा। आपका स्वास्थ्य तथा मान- सम्मान अच्छा रहेगा।

मीन - आज आपको शारीरिक और मानसिक बेचैनी महसूस होगी। संतान पक्ष की चिंता रहा करेगी। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों के साथ विवाद होगा और उनके नाराज होंने की संभावना है। ( 128-236 )

0,3,5,7-00,35,52,70,75,41,55,07

## कांग्रेस ने की संगठनात्मक बैठक, पहुंचे विधायक

**सिवनी, देशबन्धु।** 9 जून 2025 को केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने इंदिरा भवन जिला कांग्रेस कार्यालय सिवनी में आयोजित संगठनात्मक बैठक के आयोजन में सहभागिता की। अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी के नेता राहुल गांधी की मंशानुरूप पार्टी की मजबूती के लिये मध्यप्रदेश में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है।



जिसके तारतम्य में आज ज़िला कांग्रेस कार्यालय सिवनी में अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक मोहन मरकाम , सौरभ सिसोदिया एवं तरवर सिंह लोधी ने संगठनात्मक बैठक ली।

सर्वप्रथम बैठक के आयोजन में उपस्थित होकर केवलारी विधायक ने अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक श मोहन मरकाम को पुष्प माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात् भारतीय कॉंग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक एवं कार्यकर्ताओं के बीच बैठक हुई। बैठक के आयोजन में जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक मोहन मरकाम ने कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला एवं प्रदेश स्तर तक संगठन को मजबूत करने लिए उपस्थित कार्यकर्ताओं से सुझाव मांगे।

बैठक के आयोजन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष गण, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस,एन.एस.यू.आई, सेवादल,समस्त जिला कांग्रेस के पदाधिकारी गण,समस्त ब्लॉक , मंडलम, सेक्टर, बूथ कांग्रेस कार्यकर्ता गणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## 273 दिव्यांगों को दिए सहायक यंत्र

**सिवनी, देशबन्धु।** भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत जिला कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशन में 09 जून 2025 को स्थानीय निकायों में आयोजित चिन्हांकन शिविर में चिन्हित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन राशि लॉन सिवनी में किया गया।

कार्यक्रम में सांसद भारती पारधी, विधायक सिवनी दिनेश राय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मीना बिसेन, अरूण शर्मा, संतोष अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण, दीप प्रज्जलन कर शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर संस्कृति जैन, प्रभारी सीईओ जनपद रेखा देशमुख सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

सांसद भारती पारधी ने कार्यक्रम को संबोधित कर योजना से लाभांवित होकर सहायक उपकरण प्राप्त कर रहे सभी व्यक्तियों को शुभकामनाऐं दीं। उन्होंने कहा कि सहायक उपकरणों के सहारे दिव्यांगजनों की दैनिक दिनचर्या सुगम हो सकेगी। अन्य व्यक्ति पर आश्रित होने के भाव को कम किया जा सकेगा।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद दिव्यांग की मदद के लिए कार्य कर रही है। जरूरतमंदों की मदद के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। सरकार का प्रयास है कि दिव्यांग व्यक्ति को हर जरूरी सुविधा दी जाए। ताकि उनका जीवन यापन सही ढंग से हो सके। इसी के तहत सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक भवनों में दिव्यांगों को जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है।